मोरेना अम्बा सड़क पर उपरि पुल

2693. **श्री बाबू लाल सोलंकी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के मोरेना जिले में मोरेना-अम्बा सड़क पर एक उपरि पुल बनाने की योजना स्वीकृत की गई है,

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पुल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जायेगा, और

(ग) इस निर्माण के लिए कितना धन आबंटित किया गया है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)

(क) मुरैना में वर्तमान समपार सं० 450 के बदले एक उपरि सड़क पुल के निर्माण का कार्य रेलों के 1981-82 के निर्माण कार्य में शामिल किया गया है। इसकी लागत रेलवे और राज्य सरकार वहन करेगी।

(ख) इस योजना का अनुमान अभी राज्य सरकार को स्वीकार करना है। राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने पर इस कार्य का निष्पादन प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

(ग) इस योजना पर 119.18 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है जिसमें से रेलवे का हिस्सा 59.59 लाख रुपये है, 1981-82 के लिए 10.00 लाख रुपये की राशि आबंटित की गयी है।

अप्रैल से जून 1981 तक साबरमती एक्सप्रेस का उज्जैन में देर से आगमन

2694. **श्री सत्य नारायण जाटिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिमी रेलवे की 166 अप फैजाबाद-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस की उज्जैन रेलवे स्टेशन पर आने का ठीक समय क्या है;

(ख) अप्रैल, 1981 से जून, 1981 की अवधि के दौरान उपरोक्त साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन किन किन तारीखों को उज्जैन ठीक समय पर पहुँची;

(ग) क्या साबरमती एक्सप्रेस के उज्जैन आमतौर पर विलम्ब से आने के कुछ कारण हैं; और

(घ) कब से कब तक साबरमती एक्सप्रेस का चलना स्थगित रहा और क्या उपर्युक्त अवधि के लिए रतलाम से भोपाल तक कुछ रेल सुविधा प्रदान की गई है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)

(क) 166 अप साबरमती एक्सप्रेस का उज्जैन पहुँचने का समय 23-50 बजे है।

(ख) 3, 7, 10, 19, 27, 29 अप्रैल और 20 मई, 1981 को 166 अप साबरमती एक्सप्रेस ठीक समय पर उज्जैन पहुंची।

(ग) जी हां।

(घ) लाइनों के टूट-फूट जाने और परिचालनिक कारणों से 166 अप साबरमती एक्सप्रेस को 23 जुलाई, 1981 से